आगामी 18 जनवरी को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में भारत और न्यूजीलेंड के बीच होने वाले तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय मैच की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं. शुक्रवार को न्यूजीलेंड टीम ने दोपहर में तीन घंटे अभ्यास किया और जमकर पसीना बहाया. वहीं भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ियों ने उज्जैन में महाकाल और कुछ ने नलखेड़ा स्थित माता बगलामुखी के दर्शन किए, जबकि कुछ खिलाड़ियों ने होटल में ही आराम किया. वहीं प्रशंसक भी होटल और स्टेडियम के बाहर अपने चहेते खिलाड़ियों की एक झलक पाने को खड़े रहे.

पांच सितारा होटल में बैठकर राहुल गांधी के आगमन की तैयारी

कांग्रेस की एयर कंडिशनर संस्कृति जा नहीं रही...

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज भागीरथपुरा में दूषित पानी से दिवंगत और पीड़ितों से मिलने नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आ रहे है. उनके आगमन की तैयारी प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी पांच सितारा होटल में बैठकर कर रहे है. इससे समझा जा सकता है कि कांग्रेस में अभी भी कार्यकर्ताओं की अनदेखी और एयर कंडीशनर संस्कृति जा नहीं रही है. सोचने वाली बात यह है कि शहर के राजबाड़ा के पास स्थित कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में सन्नाटा पसरा हुआ है.

देश की संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले पानी की घटना को लेकर आज इंदौर आ रहे है. राहुल की यात्रा की तैयारी पिछले दो दिनों से पांच सितारा होटल में बैठकर की जा रही है. पांच सितारा होटल द पार्क के एयर कंडीशनर रूमों में बैठकर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और सह प्रभारी उषा नायडू, संजय दत्त राहुल के लिए भीड़ जुटाने की योजना बना रहे है. सवाल है कि पांच सितारा होटल में कांग्रेस का आम कार्यकर्ता कैसे पहुंचेगा? उसकी बात कौन सुनेगा। कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में तो आम कार्यकर्ता आ सकता है और अपने नेता के लिए जी जान से कम कर सकता है. मौके पर मौजूद रह सकता है, लेकिन कांग्रेस के कर्ताधर्ता वरिष्ठ नेता छोटे नेताओं और कार्यकर्ता की अनदेखी करके खुद को बड़ा नेता बताने में लगे है। राहुल गांधी के आगमन की तैयारियों की हलचल गांधी भवन में दिखाई देने की बजाय सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है.

कार्यकर्ताओं को निराश करने का काम

समझा जा सकता है कि पांच सितारा होटल में कांग्रेस का आम कार्यकर्ता जा नहीं सकता है, क्योंकि आलीशान होटलों में आम व्यक्ति का प्रवेश संभव नही है. पांच सितारा होटल में बैठकर रणनीति बनाने वाले नेता का आम कार्यकर्ता को राहुल गांधी से नहीं मिलने देने के योजना प्रतीत होता है. स्थानीय कांग्रेस नेताओं को दरकिनार कर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और सह प्रभारी उषा नायडू कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निराश करने का काम कर रहे हैं. वहीं पार्टी कार्यकर्ता की अनदेखी करके भागीरथपुरा आंदोलन से पार्टी की मजबूती को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ने पर आमादा नजर आ रहे हैं. स्थानीय कार्यकर्ता की अनदेखी का ही परिणाम है कि आज कांग्रेस सत्ता से बाहर होकर अपने वजूद के लड़ाई लड़ रही है.

निगम 15 सौ करोड़ का कर्ज लेकर पानी लाइन सुधारेगा

एमआईसी बैठक में निर्णय

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम ने भागीरथपुरा की घटना से सबक लेकर 15 सौ करोड़ रुपए का कर्ज लेकर शहर एमआर नर्मदा जल वितरण व्यवस्था सुधारने का निर्णय लिया है. उक्त कार्य अलावा निगम में नए पदों नियुक्ति और भर्ती करने की स्वीकृति भी दी गई है.

नगर निगम महापौर परिषद की आज बैठक हुई. बैठक में भागीरथपुरा में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इसके बाद बैठक में शहर की जलप्रदाय व्यवस्था के तहत नई लाइन डालने और पुरानी लाइनों को सुधारने के लिए 15 सौ करोड़ रुपए का कर्ज लेने की सहमति दी गई है. एमआईसी ने शहर में स्वच्छता

अभियान,सफाई सजावट के कामों पर भी करोड़ों रुपए के कार्यों की स्वीकृति दी गई. साथ ही पीएमआरवाय योजना में 8 हजार आवासीय ईकाइयों के लिए डीपीआर, लिंबोदी तालाब का 5 करोड़ से जीर्णोद्धार, महापौर पास योजना में 3 करोड़ और मुख्य मार्गों के साथ कॉलोनियों को जोड़ने वाली सड़कों का पेंचवर्क के टेंडर मंजूर किया गया. भागीरथपुरा की घटना से सीख लेकर नए पदों की नियुक्ति करने के साथ ही केमिस्ट के चार पद और जरूरत पड़ने पर और अधिक भर्ती करने की स्वीकृति दी गई है, ताकि भागीरथपुरा जैसी घटना और जल सुनवाई में शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके. बैठक में निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौर, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल,अभिषेक शर्मा,नंदकिशोर पहाडिया, राकेश जैन, मनीष शर्मा मामा, राजेश उदावत, प्रिया डांगी, समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, विभाग प्रमुख उपस्थित थे.

राहुल गांधी देर से जागे : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने राहुल गांधी के इंदौर आने पर कहा कि राहुल गांधी बहुत देर से जाग्रत हुए. वे समस्या के लिए आ रहे हैं, वैसी कई समस्याएं कांग्रेस शासित राज्यों में भी हुई है, उस पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी. अर्बन डेवलपमेंट, पानी, ड्रेनेज पर कांग्रेस की रिसर्च राहुल स्वयं बताएं. राहुल गांधी अपनी पार्टी के नेताओं से पूछे वो प्रदर्शन करने आए थे या रील बनाने आए थे? क्या ये केवल आंदोलन प्रदर्शन तक ही सीमित था? जिस स्तर का बयान और शब्दों का प्रयोग जीतू पटवारी ने किया उनका मैं उपयोग नहीं कर सकता हूं. आज उनको सदाचार की समझ ताई से मिलने के बाद आ गई है, जो सामूहिक प्रयास और समाधान की बात कर रहे है.

एक नजर में

टेक्नो ने लॉन्च किया स्पार्क गो 3 स्मार्टफोन

इंदौर. टेक्नो ने स्पार्क गो 3 स्मार्टफोन लॉन्च किया है. यह फोन भारत के उन छात्रों, युवाओं और कामकाजी लोगों के लिए बनाया गया है जो हमेशा चलते-फिरते रहते हैं और एक भरोसेमंद, मजबूत और अच्छी कनेक्टिविटी वाला स्मार्टफोन चाहते हैं. लॉन्च पर टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, अरिजीत तलपतरा ने कहा भारत के युवा उपभोक्ताओं को ऐसे स्मार्टफोन की ज़रूरत है जो उनकी रोज़मर्रा की रफ्तार के साथ चल सके. टेक्नो स्पार्क गो 3 में हमने मजबूती, समझदारी और भरोसेमंद कनेक्टिविटी को एक ऐसे डिज़ाइन में पेश किया है जो उनके लाइफस्टाइल से मेल खाता है. इसमें आईपी64 डस्ट और स्प्लैश रेज़िस्टेंस और ड्रॉप-रेडी मजबूती दी गई है, जिससे क्लासरूम, वर्कसाइट, डिलीवरी रूट, या भीड़भाड़ वाली सड़कों पर इस्तेमाल के दौरान भी भरोसा बना रहता है. इसमें 120 हर्ट्ज़ का सुपर स्मूथ डिस्प्ले है, जो तेज़ स्क्रॉलिंग, बेहतर टच रिस्पॉन्स और प्रीमियम जैसी अनुभव देता है. फोन में मौजूद एला एआई वॉइस असिस्टेंट यूज़र्स की स्थानीय भाषा को समझता है। यह हिंदी, तमिल, बंगाली, गुजराती और मराठी जैसी कई भाषाओं में काम करता है, जिससे रोज़मर्रा के काम आसान हो जाते हैं.

2027 तक काम का भविष्य मानव प्लस एआई से तय होगा

इंदौर. आज नैसकॉम और इनडीड ने अपनी वार्षिक फ्यूचर ऑफ वर्क रिपोर्ट 2025 वर्क रिइमेजींड: द राईज़ ऑफ ह्यूमन- ए.आई कोलोबोरेशन' जारी की. इस रिपोर्ट में बताया गया है कि संगठन किस प्रकार अपने दैनिक कामों में ए.आई का उपयोग कर रहे हैं. नियोक्ताओं और नौकरी के इच्छुकों के लिए ए.आई क्या मायने रखती है, जब कार्य क्रियान्वयन से नतीजों में परिवर्तित हो रहा है. इनडीड इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, शशि कुमार ने कहा परिवर्तन नौकरियों की संख्या में नहीं आ रहा है, बल्कि इन नौकरियों के लिए लोगों से क्या अपेक्षाएं हैं, इसमें हो रहा है. संगठन के अंदर भूमिकाओं का विकास बहुत तेजी से हो रहा है, जबकि नियुक्तियों के संकेतों की गति धीमी है. इस रिपोर्ट के माध्यम से हमारा उद्देश्य एक व्यवहारिक और कारगर मार्गदर्शन प्रदान करना है, जिसकी मदद से उद्यम और नौकरी के इच्छुक, एक मानव+ए.आई परिवेश का विकास कर सकें, जो उत्पादक, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार हो.

क्लासिक लीजेंड्स का नया पेटेंट

इंदौर. क्लासिक लीजेंड्स ने एक नया पेटेंट हासिल किया है, जिससे भारत में एक डिजाइन-फर्स्ट और परफॉर्मेंस-केंद्रित मोटरसाइकिल निर्माता के रूप में उसकी पहचान और मजबूत हुई है. यह पेटेंट एडजस्टेबल वाइजर और स्पीडोमीटर से जुड़ा है, जिसे पहली बार 2025 की येजदी एडवेंचर मोटरसाइकिल पर देखा गया था. यह पेटेंट अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत 21 मार्च 2023 से 20 वर्षों की अवधि के लिए मंजूर किया गया है. क्लासिक लेजेंड्स के आर एंड डी हेड सुशील सिन्हा ने कहा यह पेटेंट भले ही राइडर-इंटरफेस से जुड़ी एक खास समस्या का समाधान करता हो, लेकिन यह मोटरसाइकिल को लेकर हमारी सोच को दर्शाता है. क्लासिक लेजेंड्स में परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग का मतलब सिर्फ फीचर्स जोड़ना नहीं है. हमारा फोकस इस बात पर है कि वर्षों के इस्तेमाल में मोटरसाइकिल का एहसास मैकेनिकल रूप से साफ, मजबूत और भरोसेमंद बना रहे. डिजाइन से जुड़े फैसले भी राइडर और सड़क को केंद्र में रखकर शुरू होते हैं. यह पहचान हमारे लिए एक नई प्रेरणा है, ताकि हम मजबूत इंजीनियरिंग आधार के साथ राइडर-केंद्रित मोटरसाइकिल बनाते रहें.

डाक महिला संगठन इंदौर ने जरूरतमंद बच्चों को तिल लड्डू किए वितरित

इंदौर. मकर संक्राति पर्व पर तिल एवं दान का महत्व होने से डाक महिला संगठन इन्दौर द्वारा इस वर्ष जरूरतमन्द बच्चों के साथ अलसुबह पर्व मनाने का निर्णय लिया गया. डाक महिला संगठन इन्दौर द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किये जाते है, जिसमें प्रतिवर्ष मकर संक्रान्ति पर जरूरतमन्द बुजुर्ग एवं बच्चों को खाद्य साम्रगी, आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया जाता है. डाक महिला संगठन के सदस्यों द्वारा पोस्टमास्टर जनरल इन्दौर परिक्षेत्र प्रीती अग्रवाल (संगठन अध्यक्ष) के नेतृत्व में लक्ष्मीबाई नगर अनाज मण्डी क्षेत्र बस्ती के बच्चों को सुबह ताजा पौष्टिक भोजन करवाया गया. तिल लड्डू, गजक वितरित किये गये।

प्रजातंत्र में विपक्ष को अच्छे से विरोध करने का हक : महाजन

नव भारत न्यूज

इंदौर. प्रजातंत्र में विपक्ष को विरोध करने का अधिकार है और विपक्ष का काम है विरोध करना. हम भी विरोध करते थे और विरोध करके ही जनता के दिलो में जगह बनाकर जीते है.

यह बात पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मुलाकात के बाद मीडिया से कही. आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के घर मिलने गए थे. पटवारी के जाने बाद महाजन ने कहा कि जीतू मेरे पास सालों से मिलने आता रहता है. अच्छा काम करने वाला लड़का है. उसने मुझसे गंदे पानी को लेकर सलाह मांगी है. विरोध, विरोध की जगह है. पटवारी ने कहा कि प्रजातंत्र में विरोध करना विपक्ष का काम है और विरोध अच्छे से करना चाहिए. हम भी विरोध करके ही सत्ता में आए है. राहुल गाड़ी आने के बाद शहर के लिए अच्छे सुझाव देते है तो उनके सुझाव पर विचार करना चाहिए.

इंदौर जैसे गंभीर संकट से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास हों : पटवारी

लोकसभा की पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन से मुलाकात के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पानी की गुणवत्ता को लेकर सरकार और नगर निगम पर तीखा हमला बोला है. पटवारी ने एनजीटी का हवाला देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश का करीब 70 फीसदी पानी दूषित हो चुका है और यह एक तरह का 'स्लो पॉइजन' है, जो चुपचाप आने वाली पीढ़ियों को बीमार कर रहा है. उन्होंने कहा कि इस गंभीर संकट से निपटने के लिए राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों की जरूरत है.

युवाओं को सेवा के साथ धर्म कार्यों से जुड़ना चाहिए

गजासीन स्थापना महोत्सव में पहुंचे कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा

इंदौर. आज के युवाओं को सेवा, समर्पण के साथ धर्म के कार्यों से जुड़ना चाहिए और जिस प्रकार से श्रद्धालुओं की भीड़ शनि धाम पर आ रही हैं वह सनातन धर्म के प्रति एक अच्छा संकेत है.

यह कहना है प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले का, अवसर था उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम पर आयोजित 15 वां स्थापना महोत्सव के शुभारंभ का, सर्वप्रथम जहां उन्होंने प्रभु शनिदेव के दर्शन कर तेल अभिषेक किया तत्पश्चात महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के

सानिध्य में 251 ध्वजों का पूजन व तीन दिवसीय आयोजन का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया. डॉ. दादू महाराज संस्थान के सदस्यों द्वारा शाल श्रीफल पुष्प माला से स्वागत किया गया। पं. मिश्रा श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सबसे पहले स्थापना महोत्सव की शुभकामनाएं दी व महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज को अग्रिम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी. इस दौरान उन्होंने शिव जी की कई लीलाओं का वर्णन किया. इस अवसर पर विधायक मालिनी गौड़, पार्षद हरप्रीत कौर लूथरा, प्रताप तोलानी, आशीष साहू, मनोज हार्डिया, संदीप अंबेकर, उमेश सोनी, संजय अग्रवाल, जिया कुकरेजा, ज्योति चौथवानी, केदारमल जाखेटिया, विनायक विपट, गौरव पाल द्वारा स्वागत किया गया. आयोजन का संचालन अलका सैनी ने किया. अंत में आभार विजय अंबेकर ने माना.

यज्ञ की पूर्णाहुति आज

द्वितीय दिवस को पंच कुंडिया लक्ष्मीनारायण यज्ञ का आरंभ हुआ. शाम को पालकी यात्रा निकली गई. 17 जनवरी को प्रात: पंच कुंडिय यज्ञ दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति होएगी वही संध्या 7 बजे से सादगी के साथ महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा. वहीं संध्या अन्नकूट प्रसादी का आयोजन होगा.

स्कूली बच्चों को स्वेटर एवं गणवेश वितरण

इंदौर. पालदा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मारुति नंदन बालाजी सेवा संसथान की ओर से पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे और समाजसेवी रामबाबू अग्रवाल के आतिथ्य में स्कूली बच्चों को ऊनी स्वेटर भेंट किए गए. इस अवसर पर विभाग समंवयक प्रवीण पाराशर, केशव शिक्षा परिसर के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं साधारण सभा सदस्य सुशील श्रीवास्तव भी विशेष रूप से मौजूद रहे. मारुति नन्दन बालाजी सेवा संसथान की ओर से रामस्वरूप मंत्री, राजेश अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दिनेश गोयल एवं नरेन्द्र परमार भी उपस्थित थे जिन्होंने विद्यालय के भैया-बहनों को गणवेश भेंट किए. मुख्य अतिथि मोघे ने कहा कि प्रकृति हमें मुफ्त में हवा, पानी और अन्य प्राणदायक उपहार देती है तो हमें भी कुछ न कुछ देना सीखना चाहिए. रामबाबू अग्रवाल ने बालाजी सेवा संसथान के सेवा कार्यों का ब्यौरा दिया. विद्यालय की प्राचार्य रीता जैन ने आभार माना.

एक नजर में सामाजिक संस्था सेवा सुरभि, जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण ने इंडिया गेट पर शहीदों को दी पुष्पांजलि

कैडेट्स ने देशभक्ति गीत गाते हुए किया मार्चपास्ट

इंदौर. सामाजिक संस्था सेवा सुरभि और जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर पालिक निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण की सहभागिता में गुरुवार से प्रारंभ हुए 'झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान' के तहत शुक्रवार को सैकड़ों एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स ने पार्क रोड स्थित एसजीएसआईटीएस कॉलेज परिसर से रीगल चौराहा स्थित इंडिया गेट तक मार्चपास्ट का आयोजन कर पूरे मार्ग और रीगल चौराहे को देशभक्ति के माहौल से सराबोर बनाए रखा. अन्य स्कूली छात्रों ने भी आज इंडिया गेट पहुंचकर देश के अनाम शहीदों को पुष्पांजलि समर्पित की.

संस्था सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, संजय पटेल, मोहन अग्रवाल, निकेतन सेठी एवं मनीष ठक्कर ने बताया कि सुबह इंजीनियरिंग कॉलेज के एनसीसी और एनएसएस के कैडेट्स ने राजेंद्र जैन एवं विकास जैन के निर्देशन में लेन्टर्न चौराहे से मार्चपास्ट

करते हुए जबरदस्त जोश के साथ देशभक्ति के गीत गाते हुए अपने शौर्य का प्रदर्शन किया. यशवंत निवास रोड से हाई कोर्ट, एमजी रोड होते हुए ये कैडेट्स रीगल चौराहे पर स्थापित इंडिया गेट की प्रतिकृति पर पहुंचे और वहां सभी कैडेट्स ने जैन इंजीनियर सोसाइटी के तत्वावधान में अनाम शहीदों को पुष्पांजलि समर्पित की. कैडेट्स ने मेरा देश, मेरा मुल्क, मेरा यह वतन, शांति का, उन्नति का, प्यार का चमन, इसके वास्ते निसार है मेरा तन, मेरा मन... जैसे गीतों से शहीदों को श्रद्धांजलि समर्पित की. बैंड की धुन पर मार्चपास्ट करते हुए जब ये कैडेट्स रास्ते से गुजरे तो राह चलते लोग भी रूककर उन्हें सम्मान देने को आतुर दिखाई दिए. रीगल चौराहे पर भी आज से ही स्कूली बच्चों ने सुबह 8 से 10 बजे के बीच पुष्पांजलि समर्पण का सिलसिला भी शुरू कर दिया है. इंडिया गेट पर संस्था सेवा सुरभि की ओर से संस्था के सदस्यों ने कैडेट्स को स्मृति चिन्ह भेंट किए एवं स्कूली बच्चों की अगवानी की.

आज अल्पसंख्यक बच्चों की रैली

झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान के तहत शनिवार को सुबह 8.30 बजे गाँधी हॉल से इंडिया गेट तक अल्पसंख्यक समुदाय के स्कूली बच्चों की रैली निकाली जाएगी. इंडिया गेट पर सुबह 10 बजे निपानिया स्थित सिका स्कूल के बच्चे भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे. 17 जनवरी को ही शाम 6.45 बजे से पुणे के कलाकारों द्वारा 'भारत हमको जान से प्यारा है' संगीत संध्या में रंग-ए-महफ़िल एवं वनबन्धु परिषद इंदौर चैप्टर की सहभागिता में रवीन्द्र नाट्यगृह में रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी.

इंदौर गंगराड़े कल्याण समिति का स्नेह सम्मेलन 18 को

इंदौर. इंदौर गंगराड़े (वैश्य) कल्याण समिति द्वारा 49 वाँ वार्षिक स्नेह सम्मेलन 18 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है. इस वर्ष श्री गंगराड़े पद्मावती पोरवाल फाउडेशन द्वारा 12500 वर्ग फुट जमीन चोखी ढाणी के पीछे मांगलिक परिसर हेतु क्रय की गई है. अत: अपनी प्रस्तावित मांगलिक भूमि पर उक्त आयोजन आयोजित किया जा रहा है. उक्त जानकारी कम्पनी डायरेक्टर योगेन्द्र गंगराड़े, जितेन्द्र गंगराड़े, गोविन्द गंगराड़े, डॉ चन्द्रशेखर, चन्द्रपाल मंडलोई द्वारा दी गई. कार्यक्रम में मांगलिक परिसर भूमि क्रय हेतु विशेष सहयोगी पुष्पा स्व. सुरेन्द्र गंगराड़े (रिटा. डी.एस.पी) का सम्मान किया जाना है. जिनके द्वारा रूपये 5.05 लाख की राशि प्रदान की गई है, तथा प्रत्येक सहभागियों तया सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाना है. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेन्द्र गंगराड़े, दिलीप गंगराड़े (रिटा. टीआई), डॉ. अनुभा, डॉ. साधना, लता गोपालदास गंगराड़े, डॉ. राम, एडवोकेट श्याम गंगराड़े होंगें. सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है.